# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 09.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 09.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** दिनाँक 08.05.2025 को पी0आर0वी0 4430 टू व्हीलर को दोपहर लगभग 13:00 बजे सूचना मिली कि एक महिला जिसका नाम उषा साहू पत्नी उमेश साहू निवासी रामपुर कल्याणगढ़ थाना मानिकपुर चित्रकूट, द्वारा किन्ही कारणवश जहर खा लिया गया है। इस सूचना पर पी0आर0वी0 4430 में ड्यूटी पर मौजूद आरक्षी चंद्रेश यादव व होमगार्ड चालक दीनबंधु मिश्रा व उ०नि० कुंवर प्रखर सिंह थाना मानिकपुर द्वारा तत्काल मौके पर जाकर जहर खाने से अचेत हुई महिला को समय से सी0एच0सी0 मानिकपुर में ले जाकर भर्ती कराया गया,जिससे उक्त महिला की समय से इलाज होने के उपरान्त महिला की जान बची। इस तरह पी0आर0वी0 4430 का रिस्पान्स टाइम पर पहुंचकर महिला की जान बचाई गयी। परिजनों व स्थानीय लोगों द्वारा चित्रकूट पुलिस की भूरी - भूरी प्रसंशा की गयी।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा श्री राम सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राजेश कुमार राय तथा उनके हमराही द्वारा मु0अ0सं0 47/2025 धारा 64(1), 351(2) बीएनएस व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट के वांछित अभियुक्त अजय उर्फ कनबहवा गर्ग पुत्र शंकर गर्ग निवासी ग्राम बरद्वारा थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री राजेश कुमार राय

2. मुख्य आरक्षी बृजेन्द्र सिंह

**(5).**आज दिनाँक 09.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा प्रभारी निरीक्षक भरतकूप श्री मनोज कुमार की उपस्थिति में थाना भरतकूप पुलिस बल के साथ वर्तमान संवेदनशीलता एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के दृष्टिगत कस्बा भरतकूप , रेलवे स्टेशन , एवं मिश्रित आबादी के क्षेत्र में पैदल गस्त किया गया।
पैदल गस्त के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत की व आम नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें यह भरोसा दिलाया कि पुलिस हर समय जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतर्क और तत्पर है तथा भ्रामक खबरों से जनता को बचने के लिए अपील की गई व यदि कोई व्यक्ति भ्रांमक खबर फैलाता है, तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही किए जाने हेतु बताया गया।

इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक भरतकूप श्री मनोज कुमार , पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह , उ0नि0 राहुल पाण्डेय एवं थाना भरतकूप पुलिस बल मौजूद रहा।

**(6).**आज दिनाँक- 09.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा प्रभारी निरीक्षक भरतकूप श्री मनोज कुमार की उपस्थिति में निर्माणाधीन थाना भरतकूप का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण एवं समय से कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थिति रहें।

**(7).**आज दिनाँक 09.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा चौकी शिवरामपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा चौकी परिसर,चौकी प्रभारी कक्ष का निरीक्षण कर चौकी प्रभारी शिवरामपुर को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस दौरान चौकी प्रभारी शिवरामपुर श्री शनि चतुर्वेदी ,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।